# राजकीय इंजीनियरिंग कालेज
# बिजनौर

## प्रशासकीय परिषद की 13वीं बैठक
## का कार्यवृत्त

- बैठक संख्या : 13वीं
- दिनांक : 03 फरवरी, 2023
- स्थान : कमेटी हॉल, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बिजनौर
- समय : दोपहर 12.00 बजे
- माध्यम : ऑफलाइन एवं ऑनलाइन

**राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 03.02.2023 को दोपहर 12.00 बजे सम्पन्न 13वीं बैठक का कार्यवृत्त :-**

बैठक में निम्न सदस्यगण उपस्थित हुए:

1. श्री राजीव स्वरूप, — अध्यक्ष
   अध्यक्ष,
   प्रशासकीय परिषद, रा0इ0का0, बिजनौर।

2. श्री बी0 एन0 झा, — सदस्य
   अपर निदेशक,
   कोषागार एवं पेंशन, मुरादाबद मंडल, मुरादाबाद,
   (सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा नामित)।

3. प्रो0 ए0 के0 शर्मा, — सदस्य
   डीन फैकल्टी अफेअर्स, आई0 आई0 टी0 रूड़की,
   (निदेशक, आई0आई0टी0 रूड़की द्वारा नामित)।

4. श्री कन्हैया राम, — सदस्य
   निदेशक,
   प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर।

5. प्रो0 प्रदीप कुमार मिश्रा, — सदस्य
   कुलपति,
   डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
   जानकीपुरम, लखनऊ।

6. प्रो0 नीरज कुमार सिंह, — सदस्य
   पूर्व कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर एवं
   प्रोफेसर आई0बी0एम0, सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय, कानपुर।

7. प्रो0 के0 एस0 वर्मा, — सदस्य
   प्रोफेसर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग,
   के0एन0आई0टी0 सुल्तानपुर।

8. प्रो0 नीलेन्द्र बादल, — सदस्य-सचिव
   निदेशक,
   राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बिजनौर

अपरिहार्य कारणों से परिषद के अन्य सदस्यगण उपस्थित नहीं हो सके।

मा0 अध्यक्ष महोदय से अनुमति प्राप्त कर बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गयी।

**बिन्दु सं. 13.01 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 27 सितम्बर, 2022 को सम्पन्न बारहवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 27 सितम्बर, 2022 को सम्पन्न बारहवीं बैठक का कार्यवृत्त मा0 प्रशासकीय परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ एवं पुष्टि हेतु प्रस्तुत किया गया।

मा0 परिषद द्वारा कार्यवृत्त का अवलोकन करते हुए कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

**बिन्दु सं. 13.02 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 27 सितम्बर, 2022 को सम्पन्न बारहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 27 सितम्बर, 2022 को सम्पन्न बारहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना से मा0 प्रशासकीय परिषद को अवगत कराया गया।

मा0 परिषद ने संस्थान की प्रशासकीय परिषद की बारहवीं बैठक के निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना से अवगत होते हुए संतोष व्यक्त किया।

संस्थान की प्रशासकीय परिषद की 12वीं बैठक के बिन्दु संख्या 12.20 में मा0 परिषद द्वारा लिये गये निर्णयों के क्रम में संस्थान की आवास आवंटन नियमावली में किये गये आवश्यक संशोधन की सूचना भी मा0 परिषद के समक्ष प्रस्तुत की गई जिस पर मा0 परिषद द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

साथ ही निर्देशित किया गया कि प्रशासकीय परिषद की बैठकों में लिये जाने वाले निर्णयों पर कार्यवाही पूर्ण कराये जाने हेतु समय-सीमा निर्धारित की जाये जिससे समय से कार्यवाही होती रहे। यह भी निर्देशित किया गया कि प्रशासकीय परिषद की आगामी बैठकों में शिक्षक भर्ती की अद्यतन स्थिति से परिषद को अवगत कराया जाये।

**बिन्दु सं. 13.03 संस्थान की प्रशासकीय परिषद में One Eminent Technologist / Engineer का नामांकन।**

संस्थान की प्रशासकीय परिषद में One Eminent Technologist / Engineer को सदस्य के रूप में नामित किये जाने हेतु प्रस्ताव मा0 प्रशासकीय परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया। परिषद द्वारा विस्तृत चर्चा उपरांत उक्त नामांकन हेतु निम्नानुसार समिति का गठन किया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि गठित समिति द्वारा चर्चा एवं सम्यक विचारोपरांत, संस्थान की आवश्यकता अनुरूप एक नाम का प्रस्ताव तैयार कर प्रशासकीय परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये जिससे नामांकन प्रक्रिया पारदर्शिता से विधिवत पूर्ण हो।

| | |
|---|---|
| **1.** निदेशक | अध्यक्ष |
| **2.** प्रो0 के0 एस0 वर्मा, सदस्य, प्रशासकीय परिषद | सदस्य |
| **3.** अधिष्ठाता, शैक्षिक/अधिष्ठाता, शोध एवं विकास/अधिष्ठाता प्लानिंग | सदस्य |
| **4.** कुलसचिव | सदस्य |

**बिन्दु सं. 13.04 संस्थान की Administrative Committee में सदस्य नामांकन की सूचना।**

मा0 प्रशासकीय परिषद को सादर अवगत कराया गया कि संस्थान के सोसायटी रूल्स (बायलॉज) में निहित व्यवस्था के आधार पर संस्थान की **Administrative Committee** में मा0 अध्यक्ष महोदय, प्रशासकीय



Badal

परिषद द्वारा प्रो0 नीरज कुमार सिंह, पूर्व, कुलसचिव, एच.बी.टी.यू., कानपुर एवं प्रोफेसर, आई.बी.एम., सी.एस.जे.एम. यूनीवर्सिटी, कानपुर को सदस्य नामित किया गया है।

मा0 परिषद उक्त सदस्य नामांकन की सूचना से अवगत हुई।

**बिन्दु सं. 13.05 समूह ग (ग्रेड पे 1900 से 4200 तक) के संस्थान में सृजित/ रिक्त गैर शैक्षणिक तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों पर भर्ती उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से कराये जाने हेतु विचार एवं निर्णय।**

संस्थान में स्वीकृत गैर शैक्षणिक तकनीकी एवं गैरतकनीकी पदों में से समूह 'ग' (ग्रेड पे 1900 से 4200 तक) के पदों पर अधियाचन भेजे जाने एवं उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से भर्तियां किये जाने के संदर्भ में प्रस्ताव मा0 प्रशासकीय परिषद के समक्ष विचारार्थ व उचित निर्णिय हेतु प्रस्तुत किया गया।

मा0 परिषद द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव का अवलोकन करते हुए निर्णय लिया गया कि उ0प्र0 शासन से पदों की योग्यता प्राप्त होने के उपरांत अधियाचन भेजा जाये अथवा उ0प्र0 सरकार / शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के क्रम में भर्ती की कार्यवाही की जाये।

**बिन्दु सं. 13.06 इन्क्यूबेशन सेंटर के कार्यों / गतिवधियों की सूचना।**

मा0 प्रशासकीय परिषद को इन्क्यूबेशन सेंटर का Section 8 Company के रूप में पंजीकरण होने, Separate Bank Account खोले जाने एवं वर्तमान में कुल 15 स्टार्टअप सूचीबद्ध/पंजीकृत होने की सूचना से सादर अवगत कराया गया।

मा0 परिषद उपरोक्त सूचना से अवगत हुई। साथ ही इन्क्यूबेशन सेंटर के कार्यों/प्रोग्रेस पर मा0 परिषद द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए हो रहे कार्यों को अच्छा बताया गया। साथ ही यह सुझाव दिया गया कि आई0आई0टी0 रूड़की/अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ भी यथासम्भव समन्वय स्थापित कर इन्क्यूबेशन सम्बंधित कार्यों में यथा आवश्यक सहयोग लिया जाये।

**बिन्दु सं. 13.07 संस्थान में विविध कार्यों हेतु बस की आवश्यकता पर विचार।**

संस्थान की शैक्षणिक समिति की 6वीं बैठक में बिन्दु संख्या 06.13.04 के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों हेतु बस की आवश्यकता के सम्बंध में प्राप्त प्रस्ताव, मा0 प्रशासकीय परिषद के समक्ष विचारार्थ एवं मार्गदर्शन हेतु प्रस्तुत किया गया।

मा0 परिषद द्वारा प्रस्ताव पर विधिवत विचार कर यह निर्णय लिया गया कि संस्थान में विभिन्न गतिविधियों हेतु आवश्यकता के आधार पर बस को किराये / अनुबंध के माध्यम से उपयोग में लिया जाये।

**बिन्दु सं. 13.08 संस्थान की शैक्षणिक समिति की षष्ठम एवं सप्तम बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन।**

संस्थान की शैक्षणिक समिति की षष्ठम एवं सप्तम बैठक के कार्यवृत्त मा0 प्रशासकीय परिषद के समक्ष सादर अवलोकनार्थ प्रस्तुत किये गये। मा0 परिषद द्वारा उक्त कार्यवृत्तों का अवलोकन किया गया।

साथ ही संस्थान के पुस्तकालय मैनुअल को संलग्न कर मा0 परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ एवं सुझाव हेतु प्रस्तुत किया गया। मा0 परिषद द्वारा अवलोकन कर यह सुझाव दिया गया कि पुस्तकालय में अध्ययन के

दौरान आवश्यकतानुसार आपस में विचार-विमर्श किये जाने हेतु एक विचार-विमर्श कक्ष (**Discussion Room**) भी बनाया जाये। पुस्तकालय में अध्ययन समयावधि पर विचार करते हुए समयावधि को विस्तारित किये जाने का सुझाव दिया गया। यह भी सुझाव दिया गया कि यदि सम्भव हो तो परीक्षाओं के दौरान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यथासंभव समय विस्तारित किया जाना उचित होगा।

**बिन्दु सं. 13.09 माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर विचार एवं निर्णय।**

अन्य कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए।

मा0 अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(प्रो0 नीलेन्द्र बादल)
सदस्य-सचिव
प्रशासकीय परिषद, रा0इ0का0, बिजनौर

(राजीव स्वरूप)
अध्यक्ष,
प्रशासकीय परिषद, रा0इ0का0, बिजनौर